साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
महाप्रबंधक का कार्यालय
मानव संसाधन विकास विभाग , इन्दिरा विहार
बिलासपुर - 495006(छ.ग)

SOUTH EASTERN COALFIELDS LIMITED
OFFICE OF GENERAL MANAGER(HRD)
MANAGEMENT DEVELOPMENT INSTITUTE
INDIRA VIHAR COLONY, BILASPUR(C.G)

एसईसीएल/बीएसपी/मासंवि/18/ 417 दिनांक : 03/04/18

"अधिसूचना"

(अप्रेंटीसेस एक्ट एवं NAPS के तहत एक वर्ष के ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु अभ्यार्थियों से आवेदन करने हेतु अधिसूचना)

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आईटीआई उत्तीर्ण निम्न संवर्ग के अभ्यार्थियों से अपनी विभिन्न इकाईयों में एक वर्ष के प्रशिक्षण हेतु Apprenticeship Portal के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है |

क्रमांक	आईटीआई ट्रेड	प्रशिक्षुयों की कुल संख्या	सामान्य वर्ग	अनुसूचित जाति वर्ग	अनुसूचित जनजाति वर्ग	अन्य पिछड़ा वर्ग
1	Computer Operator & Programming Assistant Group 29-code 4131.0600 & 3514.0300	180	91	25	41	23
2	Secretarial Assistant Group 37-code 4115.10	20	12	02	04	02
3	Stenographer (English) Group 37-code 4111.10	20	12	02	04	02
4	Welder (Gas and Electric) Group3 -code 7212.10	40	21	05	09	05
5	Fitter Group 1-code 7233.10/7233.20	80	41	11	18	10
6	Turner Group 1-code 8211.15	40	21	05	09	05
7	Machinist Group 1-code 8211.10	30	17	04	06	03
8	Electrician (Mines) Group 4-code 851.15	172	87	24	39	22

9	Draughtsman (Civil) Group 11-code 3118.20 /3118.50	10	06	01	02	01
10	Auto Electrician Group4 -code 855.30	20	12	02	04	02
11	Diesel Mechanics Group10 -code 7133.24	40	21	05	09	05
12	Hospital Waste Management Assistant Group 38-code 5151.9900	20	12	02	04	02
	TOTAL	672	353	88	149	82

चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार निर्धारित दर से स्टाइपेंड का भुगतान किया जाएगा | चयन प्रकिया में सिर्फ उन्ही अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा जिन्होने दिनांक 07/05/18 तक अप्रेंटिससिप पोर्टल पर एसईसीएल के लिए आवेदन किया हो तथा जिन्होंने इसके पूर्व किसी अन्य संस्थान में अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया हो / नहीं कर रहे हो | आवेदन की जाँच के समय अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेज जिनमें माध्यमिक / हाइस्कूल सर्टिफिकेट, आईटीआई सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड लिंक्ड़ बैंक अकाउंट आदि एवं सलग्न प्रारूप में नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा| प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर (आई.टी.आई. के प्राप्तांकों का प्रतिशत) किया जाएगा | चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी के द्वारा आयोजित चिकित्सीय जाँच (अप्रेंटीसेस एक्ट में निर्धारित मापदंड के अनुसार) में फिट पाये जाने पर ही प्रशिक्षण हेतु अनुमति दी जाएगी|

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु NAPS के पोर्टल www.apprenticeship.gov.in के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत करे | आवेदन करने की अंतिम तिथि 07/05/18 है | जिन अभ्यर्थियों की उम्र दिनांक 07/05/18 तक 16 वर्ष से कम होगी उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा | अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा |

आवेदन प्रकिया

- आधिकारिक वेबसाइट www.appenticeship.gov.in पर जाए |
- वेबसाइट पर अप्रेंटिस टैब के तहत अप्रेंटिस रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें और पंजीकरण करे, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बाद आवेदक को उसके मेल पते पर एक स्वचालित मेल से पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी |
- ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, संबंधित ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु अप्रेंटिसशीप पोर्टल पर दिनांक 23/04/18 से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को सेलेक्ट करे |

  नोट : 1) एसईसीएल दिनांक 23/04/18 को अप्रेंटिसशीप पोर्टल पर अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए अभ्यार्थियों से आवेदन करने हेतु विज्ञापन अपलोड करेगा |

  2) सिर्फ दिनांक 23/04/18 से 07/05/18 तक अप्रेंटिसशीप पोर्टल के माध्यम से एसईसीएल के लिए अभ्यर्थियों द्वारा किए गए आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा |

अनिवार्य योग्यता:

अभ्यर्थी 8 वीं / 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो और संबंधित ट्रेड अर्थात इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर इत्यादि में एन.सी.व्ही.टी. या एस.सी.व्ही.टी. से मान्यता प्राप्त संस्थान से आई टी आई में उत्तीर्ण हो |

नोट : 1) प्रशिक्षुयों को किसी भी हाल में एसईसीएल के प्रतिष्ठानों में से किसी में भी कर्मचारी के रूप में अवशोषित/स्वीकार नहीं किया जाएगा और प्रशिक्षु किसी भी स्थिति/परिस्थिति में एसईसीएल में रोजगार के लिए दावा नहीं करेगा | रोजगार के लिए इस तरह के किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा |

2) अभ्यर्ती को दस्तावेज जाँच करवाने हेतु, चिकित्सीय जाँच कराने हेतु या प्रशिक्षण के लिए निर्धारित स्थान पर आने / जाने हेतु किसी प्रकार का टी.ए. डी.ए. नहीं दिया जाएगा और न ही आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी |

3) एसईसीएल प्रबंधन बिना किसी पूर्व सूचना के शिक्षुता प्रशिक्षण की सीटों को किसी भी समय (स्तर पर) बढ़ा या घटा सकता है या पूरे शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द भी कर सकता है|

4) जिन प्रावधानों का इस सूचना पत्र में उल्लेख नहीं हो उन सभी के लिए अप्रेंटीस एक्ट एवं अप्रेंटीस रुल्स के प्रावधान लागू होंगे|

5) किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति मे, समस्त वादों का निवारण बिलासपुर कोर्ट में किया जायेगा |

सलग्न : शपथ पत्र प्रारूप|

महाप्रबंधक (कार्मिक/मासंवि)